फर्द अहकाम

अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

नखतमल पुत्र खेता वगैराह बनाम धनी पुत्री खेता वगैराह

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 76 राज0 भू राजस्व अधिनियम अपील संख्या 360 / 2017

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09-12-2024	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्टस अधिवक्ता उपस्थित है। अपीलान्टस के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 09.12.2024 को प्रार्थना पत्र वास्ते जरिये राजीनामा अपीलान्ट की अपील को विड्रो करने बाबत पेश किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में यह निवेदन किया कि उपरोक्त अनवान अपील में अपीलान्टस व रेस्पोडेन्ट धनी वगैराह के आपस में विचाराधीन खसरान भूमि बाबत राजीनामा दिनांक 23.05.2019 को निष्पादित हो गया है। इसलिये अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्ट उक्त अपील को जरिये राजीनामा विड्रोल करवाना चाहते है। अतः उक्त अनवान की अपील को जरिये राजीनामा विड्रोल किये जाने का आदेश प्रदान करावें। अपीलान्ट की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो पर मनन किया गया। उपरोक्त विचाराधीन अपील बाबत अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस के मध्य राजीनामा हो गया है। ऐसे में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.12.2024 को स्वीकार किया जाकर इस अपील को और विचाराधीन नहीं रखते हुए तथा अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील जरिये राजीनामा विड्रोल खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावें। सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर संभागीय आयुक्त जोधपुर	Identified by [signature] Adv. नखतमल (अपीलार्थी)